चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
मुख्य छात्रावास अधीक्षक कार्यालय

पत्रांक सं: ....

दिनांकः 14/8/2024

समस्त विभागाध्यक्ष /समन्वयक/निदेशक
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, परिसर मेरठ।

विषयः समस्त यू0जी0 कोर्स (प्रथम वर्ष) हेतु (बी0टेक को छोड़कर) सत्रः 2024–25 के लिए छात्रावास आबंटन के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया ,

उक्त के सम्बन्ध में आपको अवगत कराना है कि छात्रावास में बी0टेक0 के अलावा समस्त यू0जी0 कोर्स (प्रथम वर्ष) के छात्र/छात्राओं हेतु छात्रावास आवेदन पंजीकरण पोर्टल दिनांकः 17.08.2024 को प्रातः 11:00 बजे से दिनांकः 18.08.2024 की सायं 07:00 बजे तक खुला रहेगा। इस सम्बन्ध में आपसे अपेक्षा है कि छात्रावास पंजीकरण हेतु अपने विभाग के विद्यार्थियों को विभागीय स्तर पर तत्काल सूचित करना सुनिश्चित करें एवं इसके साथ–साथ अर्ह विद्यार्थियों के छात्रावास आवेदन पत्रों की हार्ड कॉपी आवश्यक दस्तावजों सहित संकलित कराकर संलग्न प्रारूप पर सूचीबद्ध आवेदन पत्रों को अग्रसारित कर सम्बन्धित छात्रावास अधीक्षक कार्यालय को दिनांकः 22.08.2024 को सायं 03:00 बजे तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित **करने** का कष्ट करें।

- समस्त यू0जी0 कोर्स (प्रथम वर्ष) हेतु (बी0टेक को छोड़कर) सत्रः 2024–25 के लिए छात्रावास **आवेदन की अंतिम तिथि -18/8/2024 (सायं 07:00 बजे तक)**
- **विभाग स्तर पर दुरी के आधार पर सूचीबद्ध कर छात्रावास आवेदनों की हार्ड कॉपी सम्बंधित छात्रावास अधीक्षक को प्राप्त कराने की अंतिम तिथि - 22/8/2024**
- **छात्रावास अधीक्षक द्वारा सीट आबंटन का आरम्भ - 25/8/2024**

इस संदर्भ में संबन्धित छात्र/छात्राओं को **विभागीय स्तर पर** यह भी अवगत कराने का कष्ट करें कि छात्र/छात्राओं द्वारा छात्रावास सुविधा की तेजी से **बढती** मांग के कारण संबन्धित छात्रावास अधीक्षक (डॉ0 केलाश प्रकाश को छोड़कर) छात्र/छात्राओं **के** आवास **से** दूरी के आधार पर प्रति कक्ष तीन–तीन आवेदकों को सीट आबंटित करेंगें। **अतः छात्रावासों में सीटों की सिमितता के कारण "सभी आवेदित छात्रो / छात्रायों " को छात्रावास में सीट आबंटन की कोई गारन्टी नहीं है ।**

(प्रो0 दिनेश कुमार)
मुख्य छात्रावास अधीक्षक

प्रतिलिपिः–

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के सूचनार्थ प्रेषित।
02. सचिव कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ ।
03. वित्त अधिकारी महोदय को सूचनार्थ प्रेषित।
04. छात्र कल्याण अधिष्ठाता महोदय को सूचनार्थ प्रेषित।
05. कुलानुशासक महोदय को सूचनार्थ प्रेषित।
06. वार्डन, रानी लक्ष्मी बाई महिला छात्रावास, डॉ0 आर0के0 सिंह छात्रावास एवं डॉ0 कैलाश प्रकाश छात्रावास को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
07. वेबसाइट प्रभारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(प्रो0 दिनेश कुमार)
मुख्य छात्रावास अधीक्षक